बिहार सरकार
समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय, बिहार
(समाज कल्याण विभाग)

द्वितीय तल, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना-800001
फोन +91-612-252096 फैक्स+91-612-2535900, website www.icdsbih.gov.in

हमारा बिहार

संचिका संख्या :- ICDS/30025/80-2019 5850 दिनांक 19/09/2019

प्रेषक,

निदेशक,
आई.सी.डी.एस.

सेवा में,

सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी।

विषय :- तृतीय चरण में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु ऑन लाईन आवेदन करने की अवधि विस्तारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के विभिन्न जिलों में स्वीकृत केन्द्रों के विरूद्ध रिक्त केन्द्रों पर तृतीय चरण में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु दिनांक 03.09.2019 को समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन की मांग की गयी थी, जिसकी अंतिम तिथि 19.09.2019 थी। अपरिहार्य कारणवश ऑन लाईन आवेदन की तिथि को दिनांक 30.09.2019 तक विस्तारित किया गया है, जिससे संबंधित विज्ञापन भी दिनांक 19.09.2019 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। आवेदन के उपरान्त औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन एवं आपत्ति दर्ज कराने आदि की समय-सीमा निम्नवत है :-

1. **ऑन लाईन आवेदन करने की तिथि** – दिनांक 19.09.2019 से 30.09.2019 तक।
2. **औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन की तिथि** – दिनांक 09.10.2019 को बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर एक सप्ताह के लिए किया जायेगा।
3. आपत्ति लेने की तिथि – दिनांक 09.10.2019 से दिनांक 15.10.2019 तक।
4. आम सभा की तिथि – दिनांक 17.10.2019 से दिनांक 25.10.2019 तक। आम सभा के पूर्व विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी आवश्यक कार्रवाई संबंधित महिला पर्यवेक्षिका/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी।
5. ऑन लाईन आवेदन का वेब-साईट http://fts.bih.nic.in/AWCREC/Login.aspx है।

20.9.19

रिक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना यथा- **अहर्त्ता/रिक्त केन्द्रों की सूची/पंचायत/वार्ड/बाहुल्य वर्ग/आम सभा का स्थल/आम सभा की तिथि** आदि संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित होना अनिवार्य है। आवेदन ऑन लाईन लिये जायेगें, परन्तु यदि ऑफ लाईन आवेदन प्राप्त होते है तो उन्हें भी समय सीमा के अन्दर ऑन लाईन अपलोड कराने की जिम्मेवारी संबंधित परियोजना कार्यालय की होगी। आवेदन हेतु रिक्त केन्द्रों से संबंधित विस्तृत सूचना जिला प्रोग्राम कार्यालय में भी संधारित रखना तथा इच्छुक लोगों को सभी वांछित जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

अतः निदेश दिया जाता है कि संशोधित समय सीमा के अनुरूप सेविका/सहायिका चयन का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

19/9/19
निदेशक
आई.सी.डी.एस.

ज्ञापांक :- ICDS/30025/80-2019 5850 दिनांक 19/09/2019

प्रतिलिपि :-सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :-तकनीकि निदेशक, एन0आई0सी0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से संबंधित वरिष्ठ प्रोग्रामर को निदेशित करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :-अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/9/19
निदेशक

ज्ञापांक 627 / दिनांक 20.9.19 /

42